आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–01 जून 2024 **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश में सातवें और आखिरी चरण की तेरह लोकसभा सीटों के अंतर्गत आज पूर्वांचल के वाराणसी, गोरखपुर महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, मिर्जापुर और राबर्ट्सगंज के लिए शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो गया है। इसी के साथ सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा का उपचुनाव भी संपन्न हुआ। प्रदेश भर में सात चरणों में हुए लोकसभा चुनाव का परिणाम चार जून को घोषित होगा।

मतदान की प्रक्रिया सुबह सात बजे से शुरू हुई। आखिरी सूचना प्राप्त होने तक जितने भी मतदाता, मतदेय स्थलों पर कतारबद्ध थे, उनका मतदान कराया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी आज अपने गृहनगर गोरखपुर स्थित कन्या प्राथमिक विद्यालय में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। आज प्रदेश की जिन तेरह संसदीय सीटों पर मतदान हो रहा है, वहां कुल 144 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमें 134 पुरूष और दस महिला प्रत्याशी शामिल हैं। वहीं सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा उपचुनाव में छह प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार सबसे अधिक 28 उम्मीदवार घोसी सीट और सबसे कम सात प्रत्याशी देवरिया तथा वाराणसी सीट पर हैं। इस चरण में प्रदेश में दो करोड़ 50 लाख 56 हजार 877 मतदाता हैं।

चुनाव आयोग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार आज शाम पांच बजे तक मिर्जापुर लोकसभा क्षेत्र में पचपन दशमलव आठ तीन, महराजगंज लोकसभा क्षेत्र में अट्ठावन दशमलव छः तीन, गाजीपुर में बावन दशमलव नौ आठ, चन्दौली में अट्ठावन दशमलव एक आठ, देवरिया में चौवन दशमलव एक तीन, वाराणसी में चौवन दशमलव सात छः, घोसी में तिरपन दशमलव दो एक प्रतिशत मतदान हुआ।

****

आज अंतरराष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस मनाया जा रहा है। हर साल एक जून को बच्चों के अधिकारों को लेकर जागरूकता बढ़ाने और उनको सुरक्षित, स्वस्थ वातावरण प्रदान करने के लिए अंतरराष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस मनाया जाता है। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि बच्चों को उनका अधिकार देना, उनकी रक्षा, उनकी भलाई केवल सरकार, किसी संगठन की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि यह हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। यह केवल एक उत्सव नहीं बल्कि एक ऐसा अवसर है जो हमें बच्चों के विकास के महत्व को भी याद दिलाता है। यह दिवस दुनियाभर के विभिन्न देशों में विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों के साथ मनाया जाता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी आज सुबह अपने एक्स हैंडल पर एक संदेश के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस की प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि आइए अपने आसपास के बच्चों की शिक्षा, उनके अधिकार, बालश्रम और दुव्यवहार के प्रति संवेदनशील हों और बच्चों को समाज में सुरक्षित स्थान देने का संकल्प लें।

****

तेल विपणन कंपनियों ने व्यावसायिक एल.पी.जी. सिलेंडर की कीमतों में 69 रुपये पचास पैसे की कटौती की है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने बताया कि दिल्ली में एक व्यावसायिक सिलेंडर का मूल्य एक हजार छह सौ 76 रुपये होगा। ये सिलेंडर अब कोलकाता में 72 रुपये, मुम्बई में 69 रुपये पचास पैसे और चेन्नई में 70 रुपये पचास पैसे सस्ते मिलेंगे । इसके अलावा विमान ईंधन की कीमतों में भी साढे छह प्रतिशत की कमी की गई है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए तत्काल आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए। जरूरत हो तो अतिरिक्त बिजली खरीदने की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि पेयजल की आपूर्ति निर्धारित रोस्टर के अनुरूप की जाए। पानी की कमी से अत्यधिक प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। श्री योगी ने कहा कि बढ़ते तापमान को देखते हुए आम जनजीवन, पशुधन और वन्यजीवों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। इसके साथ ही सभी नगर निकायों, ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ रखवाए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लू के लक्षणों और उससे बचाव के लिए आमजन को जागरूक किया जाए। अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में हीट–वेव से प्रभावित लोगों का तत्काल इलाज किया जाए। उन्होंने आग लगने की दुर्घटनाओं को देखते हुए अग्निशमन विभाग को निर्देश दिए कि सभी जनपदों में अग्निशमन केंद्र 24 घंटे सक्रिय रहें, जिससे किसी भी दुर्घटना से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

****